जनसत्ता

क्लासीफाइड

व्यक्तिगत

I, Malti Anthony, legally wedded spouse of Peter Anthony, R/o Taranjubari Basti, PO-New Chamta, P/S-Matigara, Distt.-Darjeeling, West Bengal-734009 in my Son's Academic Records my name is mentioned as MALATI DEVI ANTHONY whereas my correct name is MALTI ANTHONY. I, vide Affidavit No. 74AB-637233 declare that both names are of same person.
0060125421-2

I, Prerana, legally daughter of Name-Rekhlal Sahu, presently R/o Vill.-Parkibhat, PO-Mohara, Teh.-Gurur, P/S-Gurur, Distt.-Durg, Chhattishgarh-491222 have changed my name from PRERANA to PRERANA SAHU vide affidavit No. IN-UP43453077752930X dated 12-03-2025
0060125421-5

I Mridul Mishra S/O Mridula Shukla R/O Villa No.21 Sector J/7 Sushant Golf City Lucknow has changed my name to Mridul Shukla.
0050262867-1

I, Nikita, legally daughter of Name-Rekhlal Sahu, presently R/o Vill.-Parkibhat, PO-Mohara, Teh.-Gurur, P/S-Gurur, Distt.-Durg, Chhattishgarh-491222 have changed my name from NIKITA to NEEKITA SAHU vide affidavit No. IN-UP43453077752930X dated 12-03-2025
0060125421-4

I Hav Krishna Kumar Pandey posted in CH (CC) LKO .my father name is Ravindra Nath Pandey mention in my service documents. His name is Ravindra kumar Pandey in aadhar card .I want change same in my service documents
0130050198-1

I, Army No. 14837316F, Rank-HAV/MT, Name-Prem Sangwan, Unit-667 TATRA COY TANK TRANSPORT, C/o 56-APO presently R/o Vill.-Pandwan, PO-Mankwas, TehCharkhi Dadri P/S-Charkhi Dadri Distt Charkhi Dadri Haryana-127306 have changed my Son's name from LAKSHYA SANGWAN to LAKSHYA from vide affidavit No. IN-UP43454960150991X dated 12-03-2025
0060125421-3

I, Alka, legally mother of Army No. 15676372H, Rank-LOC CHM, Name-Chaudhari Mukesh Premchand, Unit-31 ADSR(A), C/o 56-APO presently R/o Vill.-Bhusaval, PO-Bhusaval, Teh.-Bhusaval, P/S-Bhusaval, Distt.-Jalgaon, Maharashtra-425201 have changed my name from ALKA to ALKA PREMCHAND CHAUDHARI and DOB from 01/07/1954 to 01/06/1958 vide affidavit No. IN-UP43454215226057X dated 12-03-2025
0060125421-1

I Shams Ahmad Faridi, r/o 418/321, Gadhi Peer Khan, Thakurganj, Lucknow,states that in Transfer Certificates of my daughter & son their names are wrongly mentioned as Simrah Faridi & Yusuf Faridi.Correct names are Simrah Fatma Faridi and Muhammed Yusuf Faridi.
0060125417-1

I Hav krishna Kumar Pandey posted at ch cc lko.my daughter name simmy mention in my service documents.her name is simmy Pandey is in aadhar card.i want change same in my service documents
0130050199-1

व्यक्तिगत

मेरी भाई का नाम मेरे आर्मी नं. 2712564N LNk PRAVEEN KUMAR SINGH, निवासी Bharsar, Dubhar, Ballia (U.P.) के GRENADIERS Records, Jabalpur में त्रुटिवश NAVANIT SINGH दर्ज जो गया है। मेरे भाई का सही नाम NAVNEET SINGH है। भविष्य में मेरे भाई को NAVNEET SINGH नाम से ही जाना व पहचाना जाए।
50262779

"IMPORTANT"
Whilst care is taken prior to acceptance of advertising copy, it is not possible to verify its contents. The Indian Express (P) Limited cannot be held responsible for such contents, nor for any loss or damage incurred as a result of transactions with companies, associations or individuals advertising in its newspapers or Publications. We therefore recommend that readers make necessary inquiries before sending any monies or entering into any agreements with advertisers or otherwise acting on an advertisement in any manner whatsoever.

मिर्जापुर में सड़क दुर्घटनाओं में आठ की मौत

मिर्जापुर, 15 मार्च (जनसत्ता)।

जिले में अलग-अलग घटनाओं में पिछले चौबीस घंटों में पिता-पुत्र सहित आठ लोगों की मृत्यु हो गई। जबकि चार अन्य घायल हुए हैं। वाराणसी सोनभद्र राजमार्ग पर अहरौरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात सोनभद्र से वाराणसी जा रही इनोवा कार अनियंत्रित होकर पलट जाने से पिता-पुत्र की मृत्यु हो गई जबकि सास बहू गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

प्रभारी निरीक्षक अजय सेठ के अनुसार शिवपुर वाराणसी निवासी त्रिलोकी केशरी अपनी बहू की विदाई कराकर शुक्रवार की रात घर लौट रहे थे। अचानक कार अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे त्रिलोकी केशरी (60) एंव उनके पुत्र आदित्य (33) की मृत्यु हो गई। जबकि पत्नी मंजू और बहू नेहा गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दोनों को वाराणसी ट्रामा सेंटर भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रपट के लिए भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक अजय सेठ के अनुसार शिवपुर वाराणसी निवासी त्रिलोकी केशरी अपनी बहू की विदाई कराकर शुक्रवार की रात घर लौट रहे थे। अचानक कार अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे त्रिलोकी केशरी (60) एंव उनके पुत्र आदित्य (33) की मृत्यु हो गई। जबकि पत्नी मंजू और बहू नेहा गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दोनों को वाराणसी ट्रामा सेंटर भर्ती कराया गया है।

लालगंज थाना क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में मोटर साइकिल सवार चार युवकों की मृत्यु हुई है। पहली घटना नेशनल हाई-वे पर स्थित बामी गांव के पास दो मोटरसाइकिल में आमने-सामने टक्कर में तीन लोगों की मृत्यु हुई है। पुलिस ने बताया कि गगहरा कलां निवासी लालजी (30) और बृजलाल (33) एक मोटरसाइकिल से जा रहे थे। वहीं, दूसरी मोटरसाकिल पर कटरा कोतवाली के आवास विकास निवासी रणजीत (30) और राजकुमार बैठे थे। दोनों मोटरसाइकिलों में आमने-सामने की टक्कर में लालजी, राजकुमार और रणजीत की मौत हो गई है। जबकि घायल बृजलाल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसी थाना क्षेत्र में लालमटी गांव के पास दुबार कलां गांव निवासी अनिल कुमार की अनियंत्रित मोटरसाइकिल पेड़ से टकरा जाने से मौत हो गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एक अन्य घटना चुनार थाना क्षेत्र के नुनौटी गांव के पास अनियंत्रित मोटरसाइकिल से गिर जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है जबकि एक अन्य घायल हुआ है। पुलिस के अनुसार नुनौटी गांव निवासी कमलेश एवं मुन्ना शुक्रवार की रात जा रहे थे। मोटरसाकइलि अनियंत्रित होकर खाई में गिरी जिसमें मुन्ना की मौत हो गई जबकि कमलेश गंभीर रूप से घायल हुए हैं उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शनिवार को सुबह जीवनाथपुर रेलवे स्टेशन के गांव के गोरखपुर माफी पास अप लाइन पर एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि युवक की शिनाख्त कराने की कोशिश की जा रही है। युवक की उम्र 35 वर्ष है।

संभल में शाही जामा मस्जिद की दीवार की पुताई आज से संभव

संभल, 15 मार्च (भाषा)।

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में शाही जामा मस्जिद की बाहरी दीवार की पुताई रविवार से शुरू हो सकती है। मस्जिद के सचिव मसूद फारूकी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

फारूकी ने बताया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) की टीम दोपहर करीब 12 बजे मस्जिद आई और इस बात पर चर्चा की कि पुताई में कितनी सामग्री लगेगी तथा इस काम के लिए कितने मजदूरों की जरूरत पड़ेगी। फारूकी ने कहा,''ये लोग (एएसआइ) कह रहे हैं कि वे कल से काम शुरू करेंगे। हमने उन्हें याद दिलाया कि उच्च न्यायालय ने सात दिन का समय दिया है, जिसमें से तीन दिन बीत चुके हैं।' उन्होंने बताया, एएसआइ के तीन सदस्य यहां आए हैं। वे अपने साथ कुछ मजदूर ले आए हैं। हम भी स्थानीय स्तर पर कुछ मजदूरों की व्यवस्था करेंगे।' इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बुधवार को एएसआइ को संभल में शाही जामा मस्जिद की बाहरी दीवार की पुताई का काम एक हफ्ते में पूरा करवाने का निर्देश दिया था।

उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद एएसआइ की एक टीम ने 13 मार्च को दीवारों का माप लिया था। इसके बाद शाही जामा मस्जिद के अध्यक्ष जफर अली ने कहा था कि मस्जिद में पुताई का काम होली के बाद शुरू होगा। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद एएसआइ को मस्जिद के बाहर लाइट लगाने का भी निर्देश दिया था।

अनियंत्रित कार के पेड़ से टकराने के बाद लगी आग

कार सवार दो लोगों की जल कर मौत

मुजफ्फरनगर, 15 मार्च (जनसत्ता)।

15 मार्च। जनसत्ता। जनपद के मोरना क्षेत्र के भोकरहेड़ी-बसेड़ा मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्राली को बचाने के दौरान तेज रफ्तार कार पेड़ से जा टकराई जिसमें भयंकर आग लगने से दो व्यक्तियों की जल कर मौत हो गई। राहगीरों ने एक व्यक्ति को कार से बाहर खींचकर उसकी जान बचाई।

जानकारी के अनुसार भोपा थाना क्षेत्र के गांव सीकरी निवासी 35 वर्षीय राजीव उर्फ राजू पुत्र मेवाराम व 36 वर्षीय मैनपाल पुत्र बृजपाल तथा संजीत पुत्र सतपाल शुक्रवार की दोपहर होली मिलन के लिए निकटव्रती गांव बहुपुरा गए थे जहां वह दोस्त संग होली मनाकर कार से लौट रहे थे। जैसे ही वह भोकरहेड़ी कस्बे के पास बसेड़ा मार्ग पर शिरकी नामक राजवाहे के पास पहुंचे तभी सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली को बचाने की कोशिश में उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। तेज टक्कर लगने से कार में आग गई। वहीं, मौजूद मोटरसाइकिल सवार रहमतपुर निवासी युवक ने पीछे वाले युवक को किसी प्रकार कार से बाहर खींच लिया। वहीं, राजीव उर्फ राजू व मेनपाल तेज आग की चपेट में आ गए इससे पहले की कोई कुछ कर पाता दोनों जलने लगे।

हादसा

मेरठ में शनिवार को एक ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन पर आग लगने के बाद जलकर राख हुए ई-रिक्शा के अवशेष।

कड़ी सुरक्षा के बीच जुमे की नमाज और होली का त्योहार संपन्न

मोदीनगर, 15 मार्च (जनसत्ता)।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में होली का पर्व हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। उधर, दोपहर दो बजे के बाद जुम्मे की नमाज अदा की गई।

किसी भी प्रकार की संभावित अप्रिय घटना से निबटने के लिए पुलिस हाई अलर्ट रही। मोदीनगर व मुरादनगर के सभी मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में तथा मस्जिदों के ईर्द-गिर्द पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

शुक्रवार को गली, मोहल्लों व कालोनियों में जमकर गुलाल उड़ा। बच्चों ने रंग भरे गुब्बारे आते जाते लोगों पर फैंके। पिचकारियों से रंग भरकर सराबोर कर दिया। डीजे तथा ढोल की थाप पर कई जगह होली के हुलियारे जमकर थिरके। छुटपुट घटनाओं को छोड़ पुलिस की मुस्तैदी के चलते किसी बड़ी अप्रिय घटना की जानकारी नहीं मिली।

दहेज न मिलने पर महिला को घर से निकाला, मामला दर्ज

भदोही, 15 मार्च (भाषा)।

जिले में कथित तौर पर दहेज की मांग के चलते महिला को सुसराल से निकालने और तीन साल के उसके बेटे को जबरन उससे छीन लेने के मामले में भदोही पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

महिला थाने की प्रभारी सीमा सिंह ने बताया कि इस संबंध में पीड़िता शमशीन रहबर (24) की तहरीर पर 13 मार्च को महिला थाने में उसके पति मोहम्मद सैफ उर्फ़ गोलू, ससुर फ़िरोज़ उर्फ़ दुल्लर, सास शहनाज़ बानो, देवर शाहरुख और देवरानी मुस्कान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 85, 351(2), 352 और दहेज़ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने दर्ज मामले के आधार पर कहा कि जिले के गोपीगंज निवासी सलमान खुर्शीद ने 2020 में अपनी बेटी शमशीन रहबर की शादी लेलुआपार पश्चिम शरीरा, जिला कौशांबी के सैफ उर्फ़ गोलू से की थी।

शादी के बाद से ही लड़की को दहेज में पांच लाख रुपए लाने की मांग को लेकर तरह-तरह से परेशान किया जाता था। थाना प्रभारी ने कहा कि शमशीन और सैफ का तीन साल का बेटा अता अहमद है। पिछले वर्ष अक्तूबर में दहेज़ में पांच लाख रुपए की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने शमशीन से उसका बेटा छीन लिया और मारपीट कर ससुराल से निकाल दिया।

सैफई में अखिलेश यादव ने खेली फूलों की होली, हजारों कार्यकर्ता जुटे

इटावा, 15 मार्च (जनसत्ता)।

रंगों के पर्व होली के अवसर पर सैफई में समाजवादी परिवार ने एक साथ मिलकर फूलों की होली खेली। हर साल की तरह इस बार भी यहां फूलों की होली का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने परिवार सहित हजारों कार्यकर्ताओं के साथ होली खेली।

सैफई में फूलों की होली की परंपरा लगभग दो दशक पहले समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने शुरू कराई थी। नेताजी को जब यह महसूस हुआ कि हर साल होली के अवसर पर दूर-दूर से समर्थक और कार्यकर्ता सैफई पहुंचते हैं, तो उन्होंने इस मिलन को यादगार बनाने के लिए फूलों की होली की शुरुआत की। तब से यह आयोजन हर साल बड़े स्तर पर होता आ रहा है। जब नेताजी खुद इस आयोजन की अगुवाई करते थे, तब इसमें प्रदेशभर से नेता और कार्यकर्ता जुटते थे। मुलायम सिंह यादव के मुख्यमंत्री रहते हुए भी सैफई की होली का खास महत्व रहा। मंच से उनके संबोधन कार्यकर्ताओं में जोश भर देते थे। उनकी होली में शामिल होने के लिए दूर-दराज से कलाकार आते थे और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होती थीं।

समाजवादी पार्टी की होली हमेशा से चर्चा में रही है। 2023 की होली नेताजी के बिना दूसरी होली थी और उस समय का माहौल भावुक कर देने वाला था। अखिलेश यादव और समाजवादी परिवार ने नेताजी को याद करते हुए उनके सपनों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया था।

खबर कोना

पुलिस आरक्षी की सड़क दुर्घटना में मौत

हापुड़, 15 मार्च (जनसत्ता)।

जनपद के थाना बाबूगढ़ कोतवाली में तैनात मुख्य आरक्षी के पद पर पैरोंकार लेखराज की शुक्रवार रात्रि निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई जिससे परिवार में कोहरा मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मुख्य आरक्षी लेखराज सिंह सरकारी काम से नोटिस तामील कराने सिकंदराबाद से बुलंदशहर जा रहे थे तभी रास्ते में सिकंदराबाद से निकलते ही कुछ दूरी पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची बुलंदशहर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के साथ घायल सिपाही को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना बाबूगढ़ कोतवाली में मुख्य आरक्षी पेरोकार के पद पर तैनात ग्राम सिकंदरपुर थाना जवां जनपद अलीगढ़ निवासी लेखराज सिंह पुत्र खुशीराम बघेल उम्र 49 वर्ष की सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। लेखराज सिंह नोटिस तामील करने बुलंदशहर जा रहे थे तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। उन्हें नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उनकी की मौत हो गई।

होली पर शराब के नशे में छोटे भाई की हत्या

बरेली, 15 मार्च (जनसत्ता)।

थाना प्रेमनगर क्षेत्र में होली के दौरान शराब के नशे में धुत एक युवक ने अपने छोटे भाई के साथ कहासुनी होने पर उसकी कटार से गोदकर हत्या कर दी। नगर पुलिस अधीक्षक मानुष पारीक ने बताया कि शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक राजेंद्र नगर क्षेत्र में एक ही मकान में रहने वाले दो सगे भाइयों के बीच होली खेलते समय किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। विवाद के तूल पकड़ने पर हरविंदर सिंह ने कटार से अपने छोटे भाई गुरमीत सिंह की हत्या कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को बरामद करने के साथ आरोपी को हिरासत में ले लिया। थाना पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

प्रतापगढ़ : करंट से चाचा-भतीजे की मौत

प्रतापगढ़, 15 मार्च (भाषा)।

उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में शुक्रवार देर शाम खेत में सिंचाई कर रहे चाचा-भतीजे की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) संजय राय ने शनिवार को बताया कि हथिगवां थाना क्षेत्र के शाहपुर गोपालपुर में किसान श्रीपाल यादव (55) अपने भतीजे रवि यादव (30) के साथ खेत में गेहूं की फसल की सिंचाई कर रहा था। उन्होंने बताया कि खेत में जानवरों से फसल की सुरक्षा के लिए लगाए गए बाड़े में बिजली का प्रवाह था और करंट की चपेट में आकर दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। राय के मुताबिक, श्रीपाल और राय को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

प्रयागराज में महिला की गला रेतकर हत्या

प्रयागराज, 15 मार्च (भाषा)।

प्रयागराज जिले के गंगा नगर में एक महिला की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। डीसीपी (गंगा नगर) कुलदीप गुनावत ने बताया कि 35 वर्षीय राधा यादव हंडिया थाना क्षेत्र के बरौत कस्बे में अपने मायके में रहकर अपने पिता की देखभाल करती थी। गुनावत के मुताबिक, शुक्रवार को होली का त्योहार मनाने के बाद परिवार के सदस्य रात में अपने-अपने कमरे में जाकर सो गए। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह राधा अपने कमरे में मृत अवस्था में मिली, जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। गुनावत के अनुसार, प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि महिला के गले पर किसी धारदार हथियार से हमला किया गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

खोया+पाया

सूचना

अधोहस्ताक्षरी अपने मुवक्किल एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लि. लखनऊ के निर्देशानुसार, एल.आई.सी. एच.एफ.एल. लखनऊ की ओर से सर्कुलर नं. -422/एनेक्जर-ई. एल.आई.सी.एच.एफ.एल. के अन्तर्गत सूचित करता है कि मूल बयनामा जो इन्द्रजीत पुत्र मैकू लाल के द्वारा श्रीमती राशि प्रभा वर्मा पत्नी स्व० देवेन्द्र नाथ वर्मा के पक्ष में निष्पादित एवं किता भूखण्ड सं0-54 खसरा सं0-1012स का मिन, क्षेत्रफल 188.661 वर्ग मीटर यानी 2030 वर्गफिट, स्थित ग्राम भरवारा, परगना तहसील व जिला लखनऊ को दिनांक 15.09.2010 को विक्रय किया है, जो बही सं0-1 जिल्द सं0- 10179 पेज सं0-377/408 क्रमांक सं0- 12738 उपनिबंधक कार्यालय द्वितीय लखनऊ में पंजीकृत है। उपरोक्त मूल बयनामा की प्रति कही खो गई है, उपरोक्त मूल बयनामा किसी व्यक्ति, बैंक, या वित्तीय संस्थान में बंधक है, तथा व्यक्ति द्वारा पाया जाता है तो उसकी सूचना एल.आई.सी. एच.एफ.एल. एरिया ऑफिस लखनऊ एवं अनूप कुमार सिंह एडवोकेट मो.नं.-9455032691, 9554472272 को तत्काल दिया जाये। उक्त सम्पत्ति के बाबत कोई भी बाद, दावा 15 दिन के अन्दर पेश नहीं की जाती है तो, उपरोक्त सम्पत्ति पाक, साफ समझी जायेगी, इसके उपरान्त अगर कोई दावा, बाद पेश की जाती है तो, वह निराधार व शून्य माना जायेगा।

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट -4-क अचल सम्पत्ति.(यों)की इ-नीलामी बिक्री सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना
पंजीकृत कार्यालय : - 9 वीं मंजिल, क्रांतिस भवन, 22, के जी मार्ग, नई दिल्ली -110001 फोन : - 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com

कानपुर शाखा: पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, तृतीय तल, 16/104 ए, श्री सिद्धिविनायक बिल्डिंग, सिविल लाइंस, कानपुर - 208001 (उ.प्र.)

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर -ए मे निदर्शित कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित कालम नंबर-डी मे वर्णित अचल सम्पत्ति(यों), जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा पीएनबी हाउसिंग फाईनैंस लिमिटेड (पीएनबी एचएफएल)/प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है (कालम नंबर-सी में वर्णितानुसार) नीचे दिए विवरण के अनुसार **"जैसी है जहां है", "जैसी है जो है"** तथा **"जो भी है वहां है"** आधार पर बेची जाएगी। एतद्द्वारा कालम नंबर -ए मे निदर्शित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं)/संबंधित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं) (मृत्योपरान्त) के कानूनी वारिसो, कानूनी प्रतिनिधियों, (चाहे ज्ञात अथवा अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(यों), समनुदेशिती(यों) को, जैसी भी स्थिति है, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 अद्यतन संशोधित के नियम 8(6) एवं 9 के तहत सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामत: **www.pnbhousing.com** में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

ऋण संख्या, कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम गारंटर(s) (ए)	मांग सूचना मान की राशि और तारीख (बी)	कब्जा का प्रकार (सी)	बंधक रखी सम्पत्तियों का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (जेएम) (ई)	ईएमडी (बोली का 10% (एफ)	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि राशि (एच)	निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	ज्ञात अभार/बकाया धनराशि और कोई (के)
HOU/KNP/0519/694521, बी.ओ.: कानपुर, उमेश कुमार/श्री उमेश कुमार एवं श्रीमती अंजली देवी	17-08-2022 तक रु. 20,72,069.74	भौतिक कब्जा	वह सारी संपत्ति जिसका नाम आराजी नं 1061, संदन नगर, सनिगवां रोड है। अहिरबढ़, कानपुर, कानपुर नगर-208001, माप 55.183 वर्ग मीटर। पूर्व दिशा में मकान का जूज हिस्सा, पश्चिम दिशा में: मुन्ना शर्मा का मकान, उत्तर दिशा में: परशुराम यादव का मकान, दक्षिण दिशा में: 25 फीट चौड़ी सड़क	रु. 2283000	रु. 228300	17.04.2025	रु. 10,000	03.04.2025 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 05:30 बजे	18.04.2025 अप. 02.00 बजे से अप. 03:00 बजे	Not Known

*उसके भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक लागू अनुसार 18 प्रतिशत वार्षिक की दर पर भावी ब्याज, उपगत किए गए अनुषंगी खर्चों, लागत, प्रभारों इत्यादि सहित। "पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार, उपरिवर्णित अचल/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कोई अन्य ऋणभार/दावे नहीं है, सिवाय उनके जो कालम नंबर-के में वर्णित किए गए है। इसके अतिरिक्त इन ऋणभारों का भुगतान/प्रदायगी सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा उसकी अपनी व्यवस्था द्वारा की जाएगी। सफल क्रेता(ओं)/बोलीदाता(ओं) से वर्णित ऋणभारों की सत्यता का अभिनिश्चयन स्वतंत्र रूप से करने को अनुरोध किया जाता है।
1. आज की तिथि तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी पर उपरोक्त अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री, हस्तांतरण तथा/अथवा निपटान के संबंध में कोई प्रतिषेध आदेश तथा/अथवा न्यायालय निषेधादेश लागू नहीं है। 2. संभावित क्रेता/बोलीदाता तथा इच्छुक पार्टियां कालम नंबर-के में वर्णित, कार्यवाही/पारित आदेश इत्यादि, यदि कोई, में बहस, जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध उसके स्वामित्व के साथ संबंधित दस्तावेजों का शीर्षक शामिल है परंतु उसी तक सीमित नहीं है, का निरीक्षण स्वतंत्र रूप से कर सकती है तथा सभी संदर्भों में अपनी संतुष्टि अपनी निविदा/बोली आवेदन प्रस्तुत करने अथवा ऑफर(रों) प्रस्तुत करने से पहले कर सकती हैं। बोलीदाता(ओं) को बोली प्रपत्र के साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। 3. कृपया ध्यान दें कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/खरीदार कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% (ब्याज सहित) जमा करने के लिए बाध्य है। पैसा, यदि कोई हो, जमा किया गया) उसी दिन या अगले कार्य दिवस की तुलना में बाद में नहीं। सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त करने के बाद ही (बोली लगाने वाले) के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जा सकती है। शेष 75% बिक्री पुष्टि पत्र की प्राप्ती की तारीख से 15 दिनों के भीतर क्रेता द्वारा बिक्री प्रतिफल राशि जमा करनी होगी और इस तरह की जमा राशि के डिफॉल्ट होने पर, संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति को फिर से बेचा जाएगा। 4. मैसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री संचालन में प्राधिकृत अधिकारी कार्पोरेट कार्यालय पता : प्लॉट नंबर 68, तृतीय तल, सेक्टर-44, गुरूग्राम, हरियाणा-122003 वेबसाइट-**www.bankeauctions.com** जानकारी करेगी। संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने और किसी अन्य प्रश्न या पंजीकरण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, पीएनबीएचएफएल प्राधिकृत अधिकारी **अनुपम त्रिपाठी संपर्क नंबर 18001208800**, या सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड अथवा **www.pnbhousing.com** पर देखें।

स्थान : कानपुर, दिनांक : 16.03.2025 — **प्राधिकृत अधिकारी, मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड**

अयोध्या में सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत

अयोध्या, 15 मार्च (भाषा)।

अयोध्या जिले के हैदरगंज थाना क्षेत्र में पारारामपुर गांव के पास शुक्रवार शाम एक सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार चारों लोग होली खेलकर दो मोटरसाइकिलों पर लौट रहे थे तभी उनकी टक्कर एक तेज रफ्तार एसयूवी कार से हो गई।

पुलिस क्षेत्राधिकारी (बीकापुर) पीयूष पाल ने बताया कि कार चालक ने मोटरसाइकिल सवारों को टक्कर मारने के बाद भागने की कोशिश की और इस दौरान कार मोटरसाइकिल सवारों को करीब सौ मीटर तक घसीटे हुए लेगई, जिससे सड़क पर घर्षण के कारण दोनों मोटरसाइकिलों में आग लग गई और वे बुरी तरह जल गईं। गुस्साए ग्रामीणों ने बाद में कार में आग लगा दी। पाल ने बताया कि मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने काफी मशक्कत के बाद आग बुझाई और कार चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पाल ने बताया कि चालक की पहचान हैदरगंज थाना क्षेत्र निवासी भास्कर उपाध्याय के रूप में हुई है, दुर्घटना में वह भी घायल हो गया।